**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3706**
**उत्तर देने की तारीख 18 दिसम्बर, 2024**

**बीएसएनएल में प्रीपेड और पोस्टपेड मोबाइल कनेक्शन**

**3706. श्री एम. के. राघवन:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास बीएसएनएल प्रीपेड और पोस्टपेड मोबाइल कनेक्शनों की संख्या के संबंध में कोई डेटा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने जुलाई 2024 के बाद बीएसएनएल मोबाइल प्रीपेड और पोस्टपेड कनेक्शनों की संख्या में कोई वृद्धि देखी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार के पास देश में विभिन्न मोबाइल कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए गए 5जी नेटवर्क में औसत इंटरनेट स्पीड के संबंध में कोई डेटा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

**(क) से (ख) बीएसएनएल के मोबाइल प्रीपेड और पोस्टपेड उपभोक्ताओं का विवरण निम्नानुसार है**:

| **निम्नलिखित दिनांक तक की स्थिति** | **प्रीपेड कनेक्शन** | **पोस्टपेड कनेक्शन** | **कुल** | **वृद्धि** |
|---|---|---|---|---|
| 31.07.2024 | 8,84,19,956 | 44,25,827 | 9,28,45,783 | - |
| 30.08.2024 | 9,09,31,106 | 44,42,668 | 9,53,73,774 | 25,27,991 |
| 30.09.2024 | 9,12,97,427 | 44,62,501 | 9,57,59,928 | 3,86,154 |
| 31.10.2024 | 9,20,40,074 | 44,84,313 | 9,65,24,387 | 7,64,459 |

**(ग)** 5जी (अंतरराष्ट्रीय मोबाइल दूरसंचार-2020) के लिए सैद्धांतिक डेटा दर (डाउनलोड) 100एमबीपीएस है, जबकि पीक डेटा दर 20 जीबीपीएस है। हालांकि, वास्तविक डेटा दर फ्रीक्वेंसी बैंड, भू-भाग की स्थितियों, विकिरण शक्ति, जनसंख्या घनत्व और बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) से प्रयोक्ता की दूरी सहित बहुविध कारकों पर निर्भर करती है।

*****